न्यायालय जिला कलक्टर, कोटपूतली–बहरोड़ (राजस्थान)

प्रार्थना पत्र संख्या	प्रवेश तिथि	निर्णय दिनांक
28 / 2023	13.09.2023	24.01.2024

1. राकेश पुत्र रामकिशन जाति ब्राहम्ण निवासी ग्राम भीमसिंहपुरा तहसील नीमराना जिला कोटपूतली–बहरोड़।

प्रार्थी / प्रतिवादी सं. 1

बनाम

1. महेश पुत्र सुगन जाति ब्राहम्ण निवासी ग्राम भीमसिंहपुरा तहसील नीमराना जिला अलवर राज0। अप्रार्थीगण
2. ममता पत्नि स्व0 प्रदीप,
3. नेहा पुत्री स्व0 प्रदीप ,
4. कुशाल पुत्री स्व0 प्रदीप,
5. तुषार पुत्र स्व0 प्रदीप नाबालिगान जरिये सरपरस्त माता ममता निवासीयान ग्राम भीमसिंहपुरा तह0 नीमराना जिला कोटपूतली–बहरोड़ राज0।
6. मनोज पुत्र रामकिशन जाति ब्राहम्ण निवासी ग्राम भीमसिंहपुरा तह0 नीमराना जिला कोटपूतली–बहरोड़। तरतीबी अप्रार्थीगण

प्रार्थना पत्र मुन्तकिल

—:: निर्णय ::—

प्रार्थी ने उपखण्ड अधिकारी नीमराना के न्यायालय में विचाराधीन प्रकरण बअनुवानी महेश बनाम प्रदीप वगैरा, को किसी दीगर न्यायालय में मुन्तकिल किए जाने हेतु यह प्रार्थना पत्र न्यायालय जिला कलक्टर अलवर में प्रस्तुत किया। उक्त प्रार्थना पत्र नवसृजिला कोटपूतली–बहरोड़ के क्षेत्राधिकार का होने के कारण न्यायालय जिला कलक्टर अलवर से इस न्यायालय को स्थानान्तरण होकर प्राप्त हुई।

प्रार्थना पत्र दर्ज रजिस्टर कर अप्रार्थी को जरिये नोटिस तलब किया गया एवं पीठासीन अधिकारी से प्रार्थना पत्र में वर्णित तथ्यों पर टिप्पणी तलब की गई।

प्रार्थी एवं वकील प्रार्थी अनुपस्थित रहे। अप्रार्थी न0 01 का पुत्र श्री नरेन्द्र प्रकरण में उपस्थित रह कर निवेदन किया कि मुन्तकिल प्रार्थना पत्र में अंकित संबंधित अधिकारी का स्थानान्तरण हो चुका है इसलिए प्रार्थना पत्र खारिज किया जावें।

हमने पत्रावली का भलीभांति अवलोकन किया जिससे जाहिर है कि मुन्तकिल प्रार्थना पत्र में अंकित तत्कालीन पीठासीन अधिकारी / उपखण्ड अधिकारी नीमराणा का स्थानान्तरण हो गया है जिसके कारण यह प्रार्थना पत्र प्रभावहीन / सारहीन हो गया है, अब इस प्रार्थना पत्र का कोई औचित्य नहीं रह गया है। अतः प्रार्थना पत्र इसी स्तर पर खारिज किया जाता है। निर्णय प्रति उपखण्ड अधिकारी नीमराना को भिजवाई जावें। पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम हो तथा बाद तकमिल दाखिल दफ्तर हो।

निर्णय आज दिनांक 24–01–2024 को मेरे द्वारा लिखाया जाकर खुले न्यायालय में सुनाया गया।

न्यायालय जिला कलक्टर कोटपूतली-बहरोड़ (राज.) सत्यमेव जयते

(कल्पना अग्रवाल)
जिला कलक्टर
कोटपूतली–बहरोड़

जिला कलक्टर
कोटपूतली-बहरोड़